Opération vaccination COVID-19

हम सब के मन में टीके को लेकर बहुत से सवाल हैं

क्या कोविड-19 टीके सुरक्षित हैं?

कैनेडा में लगाए जा रहे टीके सुरक्षित और असरदार हैं। वे हैल्थ कैनेडा की कमेटी आफ साइंटिफिक एक्सपर्ट्स एंड डॉक्टर्स द्वारा प्रमाणित हैं। इन टीकों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानक कैनेडा में उपयोग किए जाने वाले किसी भी अन्य टीके के बराबर है।

कैनेडा और क्यूबेक की टीका निगरानी प्रणाली काफी व्यापक है।

कोविड-19 के ख़िलाफ़ टीके कितने असरदार हैं?

सभी कोविड-19 टीके गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु से बचाव के मामले में 80% से अधिक असरदार हैं। यदि आप टीकों के बारे में चिंतित हैं, तो उस स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर अधिकारी से बात करें जो टीकाकरण केंद्र में आपका मूल्यांकन करता है। उसके बाद ही आप कोई सूचित निर्णय लेने में सक्षम होंगे।

टीकाकरण महत्त्वपूर्ण क्यों है?

टीके, कोविड-19 से संबंधित गंभीर बीमारी और उससे पैदा होने वाले गंभीर ख़तरों से बचाते हैं। कोविड-19 टीकाकरण का मुख्य लक्ष्य उन लोगों की अस्पताल में भर्ती होने और मौत की दर को कम करना है, जिन्हें इसका गंभीर ख़तरा है। इससे स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं से संबंधित गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने में और लोगों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौटने में भी मदद मिल सकती है।

किसे ख़तरा है?

वरिष्ठ नागरिकों में समस्याएं पैदा होने और उन्हें कोविड-19 के कारण मौत का अधिक ख़तरा है। किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित लोग, जो संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में बार-बार आते हैं या जिनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन्हें ख़तरा है, लेकिन ख़तरे का मुख्य कारक उम्र है।

मेरा टीकाकरण कहां हो सकता हैं?

अपाइंटमेंट लेकर या उसके बगैर आपका टीकाकरण हो सकता है। अपना नज़दीकी स्थान और उपलब्ध तिथि जानने के लिए Québec.ca/vaccinCOVID पर जाएं। टीकाकरण नि:शुल्क है। कोविड-19 टीकाकरण निजी संगठनों में नहीं होता।

इंटरनेट में समस्या के मामले में मुझे क्या करना चाहिए?

अगर आपको इंटरनेट से संबंधित समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो अपने परिवार या दोस्तों से मदद मांगे। अगर आपके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है, 1-877-644-4545 (टोल फ्री नंबर) पर कॉल करें।

अगर मेरे पास स्वास्थ्य बीमा कार्ड नहीं है, तो क्या मैं टीका लगवा सकता/सकती हूं?

यदि आप स्थायी निवासी नहीं हैं और आपके पास स्वास्थ्य बीमा कार्ड नहीं है, तब भी आप कोविड-19 टीका लगवा सकते हैं क्योंकि यह क्यूबेक में रहने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण है। **आपकी आव्रजन स्थिति कैसी भी हो, आपको टीका लगाया जा सकता है। इस जानकारी का उपयोग केवल टीकाकरण रजिस्ट्री में व्यक्तियों की पहचान स्थापित करने के लिए किया जाता है।** इसे अधिकारियों को नहीं भेजा जाता और ना ही इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया जाता है। अगर आपके पास स्वास्थ्य बीमा कार्ड नहीं है, 1-877-644-4545 (टोल फ्री नंबर) पर कॉल करें।

संपूर्ण सुरक्षा के लिए मुझे कोविड-19 टीके की कितनी ख़ुराकें लेनी होंगी?

ख़ुराक को प्रभावी होने में कम से कम 14 दिन लगते हैं। दूसरी ख़ुराक, संचरण को और कम करने और इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षा के साथ-साथ सुरक्षा की अवधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। दूसरी ख़ुराक को प्रभावी होने में लगभग एक हफ़्ता लगता है। दूसरी ख़ुराक लगवाने के एक सप्ताह बाद, आपको पर्याप्त सुरक्षा प्राप्त होगी। बेहतर सुरक्षा के लिए, पहली ख़ुराक के आठ सप्ताह या उससे अधिक समय बाद दूसरी ख़ुराक दी जानी चाहिए।

जो लोग टीकाकरण से कम से कम 21 दिन पहले कोविड-19 से पीड़ित हुए हों, उनके लिए टीके की एक ख़ुराक ही ज़रूरी है। संक्रमण उसी तरह से प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया शुरू करता है जिस तरह से टीके की पहली ख़ुराक करती है। इसलिए कोविड-19 से पीड़ित हो चुके व्यक्ति को दी जाने वाली टीके की ख़ुराक का उस व्यक्ति पर वैसा ही बूस्टर प्रभाव पड़ेगा जैसा कि पीड़ित ना हुए व्यक्ति पर टीके की दूसरी ख़ुराक का। ध्यान दें, जो व्यक्ति कोविड-19 से पीड़ित हो चुका हो, उसके लिए टीके की दो ख़ुराक लेना ख़तरनाक नहीं है।

आपकी दूसरी ख़ुराक के लिए अपाइंटमेंट आपको टीकाकरण केंद्र में दी जाएगी।

क्या मुझे टीकाकरण का प्रमाण-पत्र मिलेगा?

क्यूबेक में, टीका लगवाने के बाद, आपको टीकाकरण प्रमाण-पत्र की एक काग़ज़ी प्रति दी जाती है। यह कोविड-19 टीके सहित सभी टीकों के मामले में लागू है। आपके द्वारा कोविड-19 टीकाकरण करवाने के बाद, टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण भी उपलब्ध होगा। टीकाकरण का यह प्रमाण एक पीडीएफ फाइल होगी जिसे आप अपने कंप्यूटर या मोबाइल में डाउनलोड कर सकते हैं। आपके पास टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण होने के बावज़ूद भी, आपको अपने पास अपने प्रमाण-पत्र की काग़ज़ी प्रति रखने की **पुरज़ोर** सलाह दी जाती है।

अपने कोविड-19 टीकाकरण के बाद, आप **स्वयं-सेवा पोर्टल** (**self-service portal**) से टीकाकरण का अपना डिजिटल प्रमाण भी डाउनलोड कर सकते हैं। पहुंच प्राप्त करने के लिए https://covid19.quebec.ca/PreuveVaccinale पर जाएं। पोर्टल में जाने के बाद, आपसे निम्नलिखित जानकारी पूछी जाएगी:

- आपका मुख्य नाम और उप-नाम;
- आपकी जन्म तारीख;
- आपके कोविड-19 टीकाकरण की पहली ख़ुराक की तारीख;
- आपके कोविड-19 टीकाकरण की पहली ख़ुराक का ब्रांड;
- आपका स्वास्थ्य बीमा नंबर।

इस जानकारी के सत्यापित हो जाने के बाद, आप अपने टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे, बजाए कि कोई त्रुटि संदेश प्रकट न हो। उस मामले में, आप पोर्टल से अपना प्रमाण डाउनलोड नहीं कर पाएंगे। त्रुटि संदेश प्रदर्शित होता है, यदि:

- आपके द्वारा प्रदान की गई कोई जानकारी क्यूबेक टीकाकरण रजिस्ट्री या रेजी डे एल’ एश्योरेंस मैलाडी डु क्यूबेक (आरएएमक्यू) रजिस्टर की जानकारी से मेल ना खाए।
- आपके माता-पिता आरएएमक्यू में रजिस्टर ना हों।

टीकाकरण का डिजिटल प्रमाण-पत्र, टीका लगवा चुके सभी व्यक्तियों को उपलब्ध करवाए जाने के मामले में कार्य जारी है। 14 साल और उससे कम उम्र के लोग पोर्टल के ज़रिए अपना प्रमाण-पत्र डाउनलोड नहीं कर पाएंगे।

यदि आपके टीकाकरण के प्रमाण-पत्र की काग़ज़ी या डिजिटल प्रति में कोई त्रुटि हो, तो आपको उसे ठीक करवाना चाहिए। COVID-19 Vaccine - Troubleshooting service का चयन करके Clic Santé पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लें। फिर आपको अपना स्वास्थ्य बीमा कार्ड या कोई अन्य पहचान पत्र लेकर व्यक्तिगत रूप से टीकाकरण केंद्र में जाना होगा।

टीकाकरण के प्रमाण-पत्र के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें:

https://www.quebec.ca/en/health/health-issues/a-z/2019-coronavirus/progress-of-the-covid-19-vaccination/proof-covid-19-vaccination

याद रखें: टीका लक्षणों को कम करता है और कोविड-19 से जुड़ी चिकित्सा से संबंधित मुश्किलों को रोकता है। टीकाकरण बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।